**खबर संक्षेप**

## थाना प्रभारी के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**जयसिंहनगर।** थाना प्रभारी एस. पी. चतुर्वेदी के नेतृत्व में आगामी बकरीद के त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई, बैठक में नायब तहसीलदार अंकिता पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय, मेराज अली, बाबू खान, आदेश शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक अनिल गौतम, आरक्षक अर्जुन बथोले, उदयभान सिंह, पत्रकार सीतेन्द्र पयासी, राकेश गुप्ता, राजेंद्र शर्मा सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। शांति समिति की बैठक में बकरीद के त्यौहार को लेकर नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी आवश्यक सुझाव थाना प्रभारी जयसिंहनगर एस.पी.चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियो से देने का आग्रह किया गया। जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए, सुझावों पर नायब तहसीलदार अंकिता पाण्डेय द्वारा थाना प्रभारी के साथ चर्चाकर सभी को त्योहारों में नगर की शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करने की अपील बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से की।

## एक हफ्ते से जला ट्रांसफार्मर, नहीं हुआ सुधार



**मानपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदी टोला के ग्राम डोंगरी टोला में एक हफ्ते से ट्रांसफार्मर जला हुआ है, लेकिन उसका सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। भीषण गर्मी में ग्रामीण अंधेरे में गुजर बस कर रहे हैं , बिजली नहीं होने के कारण लोगों को पीने के पानी एवं तापमान बढ़ने से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है, ग्रामीणों का कहना है कि इसकी सूचना हमने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी है, इसके बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर सुधार नहीं करवाया गया। बैगा समाज को संरक्षित जनजाति का दर्जा प्राप्त है, लेकिन ग्राम पंचायत करौंदी टोला के ग्राम डोगरी टोला में इस समाज को सुविधाओं से वंचित रखा गया है, खबर है कि बैगा समाज की सैकड़ो आबादी सप्ताह भर से अंधेरे में गुजर बसर कर रही हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के बायपास के पास शुक्रवार रात बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जबलपुर रेफर कर दिया गया है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी शिवरतन पिता विशंभर सिंह 30 और सर्रा कटारिया गांव निवासी अनिल पिता विजय साहू 38 बाइक से किसी कार्य से कटनी आए थे।

### एसपी व 15 प्रभारियों सहित 400 वर्दीधारियों ने रतजगा कर 220 को किया गिरफ्तार

# 24 जिलाबदर सहित फरार वारंटियों की धरपकड़ से दहला माफिया

15 व16 जून की दरमियानी रात शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित तीनों अनुभागों के प्रभारी और राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में जिले के समस्त थानों व चौकियों के प्रभारी के साथ लगभग 400 वर्दीधारियों ने आधी रात लगभग 400 से अधिक स्थान पर दबिश दी और 220 स्थाई और फरार वारंटी को गिरफ्तार किया, 15 जून की देर रात शुरू हुई पुलिस की इस कार्यवाही से गुंडे बदमाशों में हडकंप की स्थिति बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कहा कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



शहडोल

15 जून की शाम शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक-एक करके सभी थानों की घंटियां खनखनाने लगी और देर रात सभी थाना प्रभारीयों और पुलिस बल को अलर्ट रहने के लिए कहा गया, अचानक बजी इस घंटी ने जिले भर के विभिन्न थाना प्रभारी और चौकी प्रभारीयों के कान खड़े कर दिए, देर शाम आदेश आया कि अपने-अपने थाना और चौकी प्रभारी अंतर्गत फरार वारंटी और स्थाई फरार वारंटी की तामीली की जाए और पूरी रात पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में यह कांबिंग गश्त चलनी थी, खुद पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान और अन्य राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ शहडोल धनपुरी तथा ब्योहारी अनुभाग के पुलिस अधिकारी भी इस अभियान में शामिल रहे, पूरी रात पुलिस की धरपकड़ चली और लगभग चार सैकड़ा से अधिक स्थानों पर पुलिस टीमों ने ताबिश दी, जिसमें पुलिस को आशातीत सफलता भी मिली।

### आशातीत परिणाम आये सामने

इस तरह की कार्यवाहियां चुनाव से पहले भी पुलिस के द्वारा की गई थी, लेकिन फरार वारंटी और जिलाबदरो की चोरी छुपे आमद की सूचनाऐं पुलिस को मिल रही थी, जिस पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा फोर्स को ब्रीफ करके देर रात कॉम्बिंग गश्त हेतु रवाना किया गया और सुबह होते-होते इसके आशातीत परिणाम भी सामने आने लगे, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के प्रभारी एवं चौकिया के प्रभारी अपनी टीमों के साथ ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र में दबिशें देते रहे और स्थाई तथा अन्य वारंटी को गिरफ्तार करके थानेदार लाया जाने लगा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के साथ शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतिक अन्य थाना प्रभारी को भी लगातार निर्देश देते रहे और खुद पूरी रात असामाजिक तत्वों की धरपकड़ में लगे रहे।

### 400 वर्दीधारी और 220 गिरफ्तारियां

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के द्वारा जिले के विभिन्न थाना और चौकिया की फोर्स को ब्रीफ करके कांबिंग गश्त हेतु देर रात रवाना किया गया, जिससे सुबह होते होते आशातीत सफलता भी मिली, लगभग 220 वारंटो को तमिल कराया गया, जिसमें 50 स्थाई वारंट थे वहीं 170 गिरफ्तारी और कई जमानती वारंट भी शामिल किए गए, विभिन्न थाना क्षेत्र के 24 जिलाबदर बदमाशों सहित कई गुंडों और बदमाशों को भी इस दौरान दबिश देकर पकड़ा गया।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दी दबिश

जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अपराध अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के निर्देश और उनकी अगुवाई में शहडोल शहर के तीनों एसडीओपी सहित विभिन्न स्थानों और चौकियों के लगभग 400 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कांबिंग गश्त में लगाया, असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग 100 बदमाशों और असामाजिक तत्वों को मौके पर जाकर चेक किया गया, जिसके अंतर्गत वारंटो की तामीली और अन्य ऐसे स्थान जहां पर बदमाशों की आमद रहती है वहां भी पुलिस के द्वारा दबिश दी गई और उन्हें हिदायत दी गई।

### अपराधियों में हडक्रंप की स्थिति

15 व 16 जून की दरमियानी रात शहडोल पुलिस के द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र और चौकी क्षेत्र में की गई कांबिंग गश्त और थोक में पकड़े गए बदमाशों व जिलाबदरो की धर पकड़ के बाद अपराधियों और सामाजिक तत्वों में हडक्रंप की स्थिति बनी हुई है, पुलिस की इस कार्यवाही से जहां अपराधियों के हौसले पस्त होते नजर आए वही शराब तथा अन्य नशीली सामग्री का कारोबार करने वाले, अवैध खनिज का उत्खनन व परिवहन करने वालों सहित अन्य संगठित अपराधों को अंजाम देने वाले बदमाशों में भी भय का वातावरण देखा गया, पूरी रात अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस की दर्जनों टीम में दबिश देती रही जिससे एक तरफ पुलिस अपने कार्य में व्यस्त नजर आई तो दूसरी तरफ अपराधियों की भी नींद हराम होती नजर आई, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कहा कि इस तरह की कार्यवाहियां लगातार जारी रहेगी और शहडोल पुलिस जीरो टॉलरेंस कायम करने के साथ ही देशभक्ति और जन सेवा में इस तरह की कार्यवाहियां वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर लगातार करती रहेगी।



## होटल में लगी आग, सामान हुआ राख

**उमरिया।** मुख्यालय स्थित विकटगंज में मौजूद वन बेरियर के करीब एक होटल में शनिवार की रात अचानक आग लग गई। यह आग कैसे लगी इसका तो पता नहीं चल पाया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से होटल पूरी तरह से गिर चुका था, जिसके कारण होटल में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। खबर है कि मुख्य मार्ग के किनारे पर बने इस होटल में कई लोग बैठे हुए थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हालांकि आग लगने के बाद सभी लोग बाहर निकल आए थे, जिससे किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंच पाया। दमकल दल के पहुंचने के पहले ही होटल का सारा सामान जल चुका था। आस-पास अन्य दुकानें भी मौजूद थी, जिन्हें भी आग से नुकसान होने की आशंका बनी हुई थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। होटल के अंदर गैस के कई सिलेंडर मौजूद थे, जिनमें भी विस्फोट होने की जानकारी सामने आ रही है। बताया गया है की घटना की जानकारी मिलने के कुछ देर बाद ही नगर पालिका का दमकल दल मौके पर पहुंच गया, जिसने आग को बुझाने में जल्दी ही सफलता अर्जित कर ली।

## गांजा की तस्करी करते दो आरोपी धराये



शहडोल।

जिले के देवलोंद थाना पुलिस ने बीती रात सुखाड़ गांव के समीप गांजा तस्करी कतरे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से 45 किलो ग्राम गांजा जप्त किया। जबकि इस कारोबार का सरगना फरार हो गया । जिसकी तलाश में पुलिस सरगर्मी के साथ जुटी हुई है, मादक पदार्थ गांजा की धर पकड़ पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर की गई है। देवलोंद थाना प्रभारी ने बताया कि रीवा जिला के मनगंवा निवासी महफूज खान पिता अफजल खान वार्ड नंबर 3 और रौनक हुसैन पिता बासिर हुसैन निवासी मनगंवा कार क्रमांक एमपी 17 सी.सी. 6894 में 45 किलो 630 ग्राम गांजा लेकर रीवां की ओर जा रहे थे। शनिवार व रविवार की दरमियानी रात को मिली सूचना के आधार पर देवलोंद पुलिस ने कार को रुकवाया और तलाशी ली तो कार से गांजा बरामद हुआ।

आनन-फानन में पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। उनसे पूछताछ की तो दोनो ने कबूल किया कि उन्होंने पकड़े गये गांजा को ग्राम करौंदिया निवासी गांजा के शातिर तस्कर रामसजीवन पटेल के घर से खरीदा है और गांजा लेकर वे रीवा की ओर जा रहे थे। दोंनो आरोपियों के बयान के आधार पर देवलोंद थाना की पुलिस ने सरगना के घर दबिश देने पहुंची तो, वह फरार हो गया था। बहरहाल इस मामले में देवलोंद थाना की पुलिस तीनो आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स अधीनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। उधर शातिर सरगना रामसजीवन पटेल की पुलिस सरगर्मी के साथ तलाश में जुटी हुई है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक डीके दाहिया, उपनिरीक्षक हरिभान सिंह परस्ते, सहायक उपनिरीक्षक इंद्रलाल पुरी, प्रधान आरक्षक भरत शुक्ला, दिनेश शुक्ला, आरक्षक दीपक रावत, सतीष मिश्रा, अभिषेक तिवारी, शैलेन्द्र पाटले एवं साइबर सेल टीम के आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा की भूमिका रही।

## शाही ईदगाह सोहागपुर में 8.30 में होगी नमाजः शानुल्लाह



**शहडोल।** नेशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शान उल्ला खान ने बताया कि 17 जून को ईद उल जुहा की नमाज शहडोल के नगर में स्थित 8 मस्जिदों में और तीन ईदगाह में अदा की जाएगी, पाली रोड स्थित शाही ईदगाह में 8:30 में नमाज अदा की जाएगी, इस ईदगाह में शहडोल एवं आस-पास के गांव के लोग ईद की नमाज पढने के लिए आते हैं , जो की भारी तादाद में नवाजियों की संख्या रहती है, इसके अलावा ईद गाह कोनी रोड में एवं शहडोल ईदगाह बुढार रोड में 8:45 में गुलाम रब्बानी मस्जिद में शिया मस्जिद, 10 बजे मस्जिद उमर बिन खाताब पुरानी बस्ती में कट्टी मोहल्ला मस्जिद इकरा मस्जिद इतवारी मोहल्ला तालीमुल कुरान मदरसा मस्जिद सब्जी मंडी शहडोल, 7:30 नूरी मस्जिद पुरानी बस्ती शहडोल में इन सभी मस्जिदों में इंशाल्लाह 17 जून सोमवार को नवाज अदा की जाएगी, सभी नवाजियों से गुजारिश है कि समय के पहले ईदगाह और मस्जिद में पहुंचे, क्योंकि ईदगाह और मस्जिदों में सदर एवं पेश इमाम साहब द्वारा कुरान और हदीस की रोशनी पर तकरीर की जाती है, शान उल्ला खान ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के इंतजाम के लिए नगर पालिका को आदेशित किया है एवं ट्रैफिक के इंतजाम करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा ड्यूटी लगाई गई है, सरला खान ने सभी से गुजारिश की है कि जोश और उत्साह के साथ ईद उल जुहा का त्योहार जो की तीन दिन मनाया जाता है मनाएंगे, श्री खान ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि ईदगाह पर आकर सभी को मुबारकबाद दें एवं भाईचारा शहडोल में बना रहे और जो नमाज पढ़ने वाले है, वह अपने अपने सदर साहेब के साथ रफ्ता कायम करें।




## दो अलग-अलग सडक़ हादसे के दो की मौत

### तेज रफ्तार वाहनों ने आईक्रीम ठेला संचालक सहित ग्रामीण को रौंदा

शहड़ोल।

रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है, तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन सडक़ हादसे हो रहे हैं। सडक़ हादसे में असमय लोगों की जान जा रही है। जिले के ब्यौहारी एवं गोहपारू थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मालक वाहन से दो लोगों की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि ब्यौहारी थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर यूनियन बैंक के पास आइसक्रीम ठेला संचालक धनपत साहू आइसक्रीम का ठेला लगाया था, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने आइसक्रीम के ठेला को जोरदार ठोकर मारी, जिससे धनपत की मौके पर ही मौत हो गई ,जबकि हाइवा के ठोकर में गंभीर रूप से घायल हुए संजय खटीक को उपचार के लिए रीवा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां वह जिंदगी मौत की लड़ाई लड़ रहा है।

दूसरी घटना गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा की है, जहां ग्राम सरना निवासी 22 वर्षीय ग्रामीण गोविंद सिंह पिता राम केमल सिंह गोहपारू से अपने घर जा रहा था, तभी सेमरा गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने गोविंद को रौंदते हुए निकल गया, जिससे गोविंद की मौत हो गई, हालांकि संबंधित थानों की पुलिस दोनों सडक़ दुर्घटना के मामलो में मामला कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

### नर्सरी से दसवीं तक के टॉपर विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

जयिंसहगनर



लॉरेंस साइन हाई स्कूल जयसिंहनगर एवं पूर्व माध्यमिक संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन जयसिंहनगर के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य गत वर्ष विद्यालय में अध्यनरत छात्रों द्वारा अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वार्षिक परीक्षा में उच्चतम अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को तथा उनके माता-पिता को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी प्राचार्य अटल बिहारी वाजपाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयसिंहनगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष के रूप में विद्यालय के अभिभावक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि यमुना प्रसाद मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ विद्वान एवं सेवानिवृत शिक्षक सनत कुमार पांडे उपस्थित रहे। आचार्य एवं शिक्षक रामायण उपाध्याय द्वारा वेद ध्वनि मंत्र उच्चारण के साथ मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य महानुभावों के साथ-साथ विद्यालय की डायरेक्टर एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ल के निर्देशन व सहयोग से साथ-साथ सामूहिक मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई तथा बालिकाओं द्वारा उपस्थित अतिथि जनों के सम्मान में सामूहिक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। लॉरेंस साइन हाई स्कूल जयसिंहनगर की प्राचार्या श्रीमती सीमा तिवारी एवं पूर्व माध्यमिक संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन जयसिंहनगर के प्रधानाध्यापक जी.पी. यादव द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह के संदर्भ में अपना -अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कक्षा नवमीं उत्तीर्ण छात्रा कुमारी सौम्या द्विवेदी द्वारा अपनी सुरीली आवाज में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनमानस को अपनी ओर आकर्षित किया गया।

विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ल द्वारा उपस्थित अतिथि जनों का स्वागत करते हुए प्रतिभा सम्मान समारोह के संदर्भ में संक्षिप्त सारगर्भित जानकारी एवं छात्रों के लिए प्रेरणादायक उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन जयसिंहनगर के कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के वार्षिक परीक्षा में उच्चतम अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एंजेल सिंह कक्षा नर्सरी 89.66 प्रतिशत , कुमारी तसलीमा बी कक्षा एलकेजी 88.66 प्रतिशत, कुमारी संजना अहिरवार कक्षा यूकेजी 93 प्रतिशत, कुमारी अन्वी पाण्डेय कक्षा-1, 84.33 प्रतिशत, अनुराग मिश्रा कक्षा -2 91.66 प्रतिशत, कुमारी नीलू चौधरी कक्षा-3 92 प्रतिशत, कुमारी प्रियांशी सिंह कक्षा-4 97.5 प्रतिशत, आशिद खान कक्षा- 5, 89 प्रतिशत, कृष्णा चतुर्वेदी कक्षा- 6, 85.16 प्रतिशत, राजपाल सेन कक्षा- 7, 86 प्रतिशत, कुमारी साक्षी सिंह कक्षा- 8, 84 प्रतिशत, को उनके (माता-पिता) अभिभावक सहित मंच पर आह्वान कर मेडल ,शील्ड, लेखनी ,एवं प्रमाण -पत्र मंचासीनअतिथि जनों द्वारा प्रदान किया जाकर सम्मानित किया गया।

लॉरेंस साइन हाई स्कूल इंग्लिश एण्ड हिंदी मीडियम जयसिंहनगर के कक्षा नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के वार्षिक परीक्षा में उच्चतम अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों कुमारी अयांशी पटेल कक्षा -नर्सरी 99 प्रतिशत कुमारी कु0 अन्वेषा शुक्ला कक्षा -एल के जी 99 प्रतिशत दिव्यांश जायसवाल कक्षा यूकेजी 99 प्रतिशत, काव्या सिंह कक्षा-1, 82.66 प्रतिशत, सौर्य सिंह सोलंकी कक्षा-2, 95.66 प्रतिशत, अक्षिता पटेल कक्षा -3, 96.33 प्रतिशत, आनंद साहू कक्षा- 4 , 84त्न अक्षत दुबे कक्षा -4, 84 प्रतिशत, कुमारी साक्षी ओसारी कक्षा- 5 , 90.25 प्रतिशत, कुमारी वैभव गुप्ता कक्षा- 6 , 96 प्रतिशत, प्रथम शुक्ल कक्षा -7 , 89.16 प्रतिशत, दिव्यांश पयासी कक्षा -7 , 89.16 प्रतिशत, अनिकेत तिवारी कक्षा- 8 , 93.83 प्रतिशत, कुमारी सौम्या द्विवेदी कक्षा -9 (हिंदी मीडियम) 87.4 प्रतिशत, पृथ्वी तिवारी कक्षा- 9( इंग्लिश मीडियम) 98.6 प्रतिशत, कु. मुस्कान सिंह कक्षा -10 (हिन्दी मीडियम) 75.8 प्रतिशत , कु. रिमझिम मिश्रा कक्षा- 10 (इंग्लिश मीडियम) 91.2 प्रतिशत को उनके( माता-पिता ) अभिभावक सहित मंच पर आह्वान कर मेडल, शील्ड, लेखनी एवं प्रमाण- पत्र मंचासीन अतिथि जनों द्वारा प्रदान किया जाकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्र अनिकेत तिवारी कक्षा- 8 को भारतीय सैनिक स्कूल चयन परीक्षा 2023 -24 उत्तीर्ण करने के लिए, छात्र युवराज पनिका कक्षा- 5 को जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2023 -24 उत्तीर्ण करने तथा कुमारी विधि पांडे कक्षा- 5 को नगर में शहरी क्षेत्र से जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2023- 24 उत्तीर्ण करने के लिए उनके माता-पिता (अभिभावक ) सहित मंच पर आह्वान कर शील्ड प्रदाय कर मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही पूर्व घोषणा अनुसार नगर के सम्मानित विद्वान सेवा निवृत शिक्षक सनत कुमार पाण्डेय द्वारा अपनी ओर से बोर्ड हाई- स्कूल एग्जामिनेशन 2023 -24 में उच्चतम अंक अर्जित कर विद्यालय एवं नगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी रिमझिम मिश्रा को 2100 रुपए का नगद पुरस्कार एवं लेखनी प्रदान कर सभी टॉपर्स विद्यार्थियों के मेहनत और लगन की सराहना करते हुए भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने का शुभ आशीष प्रदान किया गया तथा विद्यालयीन वातावरण, डायरेक्टर ,प्राचार्य एवं शिक्षक समुदाय की सराहना की गई। विद्यार्थीगण रिमझिम मिश्रा, पृथ्वी तिवारी, अनिकेत तिवारी द्वारा अपनी सफलता की कहानी मंच पर उपस्थित हो कर व्यक्त की गई।

## रंग ला रही कलेक्टर की सोशल मीडिया से सीधे संवाद की पहल



**शहडोल।** कलेक्टर के द्वारा सोशल मीडिया पर जिले के ग्रामीण और कशई क्षेत्र से के वसिंदों से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं और अन्य सुझाव सोशल मीडिया पर भेजना और उसके बाद इसके निराकरण करने की प्रक्रिया अब रंग लाती नजर आ रही है, कलेक्टर तरुण भटनागर ने बीते महीने ही इस तरह का नवाचार शुरू किया था, जिससे शहरी क्षेत्र तो दूर, सुदूर ग्रामीण इलाकों के लोगों ने भी अब सोशल मीडिया पर अपनी सहभागिता दर्ज करना शुरू कर दी है, बीते दिनों ही जयसिंहनगर के एक ग्राम में पटवारी के पति के द्वारा किए जा रहे कार्यों का वीडियो सोशल मीडिया में सामने आया था , जिसके बाद एसडीएम जयसिंहनगर ने तत्काल कार्यवाही की, वहीं आज फिर डैम निर्माण के दौरान चोरी छुपे हैवी ब्लास्टिंग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में सामने आया है। लोग अपनी समस्या का विडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से जिले के अधिकारियों तक पहुंचा रहे है, जिनको संज्ञान में लेकर अधिकारी समस्याओ का निराकरण भी कर रहे है।

### जयसिंहनगर के मुदरिया का है वीडियो

जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत मुदरिया टोला से वीडियो सामने आया है, जहां नियमो कानूनों को ताक में रखकर सचिव एवं उपयंत्री मिलकर 25 लाख की लागत वाले स्टॉप डैम में बिना अनुमति के हैवी ब्लास्टिंग करा डैम निर्माण कार्य कराया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी जान कर अनजान बने सबकुछ खुली आँखों से देख कर अनदेखा कर रहे है । नियम विरुद्ध तरीके से ट्रेक्टर से ड्रिल मशीन लगाकर ड्रिल कर हैवी ब्लास्टिंग कर रहे है। इस ब्लास्टिंग के लिए किए जा रहे ड्रिल का एक जागरूक ग्रामीण ने वीडियो बना सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया है। जो अब सोशल साइट पर तेजी से वायरल हो रही और ग्रामीण क्षेत्रो में भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है।

### रंग ला रहा कलेक्टर का नवाचार

कलेक्टर तरुण भटनागर ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगो की समस्या का समाधान करने के नवाचार का ही असर है कि अब लोग अपनी समस्याओं का वीडियो बनकर सोशल में मीडिया में अपलोड कर सोशल मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुंचा रहे है। यह बताया गया कि ग्राम पंचायत मुदरिया टोला 25 लाख की लागत से स्टाप डैम निर्माण कराया जाना है। यह कार्य मनरेगा के तहत मजदूरों को लगाकर कराया जाना है, लेकिन पंचायत का तानशाह सचिव, उपयंत्री व जिम्मेदार अधिकारी नियम विरुद्ध तरीके से ट्रैक्टर से ड्रिल मशीन लगाकर ड्रिल कर हैवी ब्लास्टिंग कर रहे है। इस ब्लास्टिंग के लिए किए जा रहे ड्रिल का एक जागरूक ग्रामीण ने वीडियो बना सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया है।

**खबर संक्षेप**

## 23 जून को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**उमरिया।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर व्दारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन 23 जून को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 से सायं 4.15 बजे तक दो सत्रो में किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा हेतु जिले में चार परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसके माध्यम से 969 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होने बताया कि शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 300 परीक्षार्थी, शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 250 परीक्षार्थी, शासकीय आदर्श महाविद्यालय डबरौहा में बनाये गये परीक्षा केन्द्रा में 300 परीक्षार्थी तथा शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 119 परीक्षार्थी शामिल होगे । कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री मप्रपूक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को निर्देश दिए है कि परीक्षा केन्द्रो की विद्युत आपूर्ति के साथ ही जिला कार्यालय उमरिया के कैम्पस मे स्थित जिला कोषालय उमरिया की विद्युत आपूर्ति 23 जून को समय प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक निर्वाध रूप से चालू रखी जाए । जिसके लिए आयोग के दिशा निर्देशों अनुसार परीक्षा के सफल संचालन कार्य हेतु निर्धारित समयावधि मे निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति जारी रखना सुनिश्चित करें ।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत मुखिया-कप्तान लेंगे क्लास

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 18 से 20 जून के मध्य किया जाएगा । स्कूल चले हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने की दृष्टि से 20 जून को शासकीय शालाओ मे जन समुदाय की सहभागिता से भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन करकेली विकासखण्ड की माध्यमिक शाला तामान्नारा, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू करकेली विकासखण्ड की हाई स्कूल लालपुर, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह करकेली विकासखण्ड की मा. शाला कछरवार, अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम करकेली विकासखण्ड की शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लोढा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया करकेली विकासखण्ड की माध्यमिक शाला महरोई सहित अन्य अधिकारी 20 जून को आवंटित विद्यालय पहुंचकर बच्चो को अध्यापन कार्य करायेगे।

## निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**राजनगर।** 16 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे क्षेत्र के छात्र/छात्राओं, बच्चो ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाना और बच्चो मे रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था, कार्यक्रम मे बच्चो ने निबंध एवं चित्रो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार व्यक्त किए । प्रतिभागी बच्चो मे शिवम चौहान, रियांशी, अन्नपूर्णा चौहान, अनिकेत कुशवाहा, तमन्ना महरा, साक्षी रवि, सांची केवट, स्वयं गुप्ता, अंकिता, शिवांगी गुप्ता, रूचि गुप्ता, रचना गुप्ता, प्रिया गुप्ता, नमन गुप्ता, नीलाक्ष चौहान, आदित्य कुमार, दीपक, आदित्य कुमार, कार्तिक झारिया,रानी विश्वकर्मा, अनुराग जैन, अंकित यादव, श्रध्दा मौर्या, शिव शर्मा, समी शर्मा सहित नगर के अन्य बच्चे ने इस प्रतियोगिता में शामिल हुए।

# ग्राम पंचायत में सर चढ़कर बोल रहा भ्रष्टाचार

## ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों की जांच की उठाई मांग

आए दिन लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए सरकार ने बीते वर्षों में पंचायत सचिवों की चल-अचल संपत्ति सार्वजनिक करने का फैसला किया था, सचिवों को विभाग के पंचायत दर्पण पोर्टल में ब्यौरा डालना था, जिस सचिव द्वारा ब्यौरा नहीं दिया गया, उसके खिलाफ कार्यवाही होनी थी, यह हर वर्ष होना था, लेकिन मोहन तिवारी जैसे दबंग सचिवों ने आज तक इस आदेश का पालन ही नहीं किया।




**उमरिया।**

जिले के करकेली जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कौडिय़ा 63 में सन् 2015 से 2021 तक में ग्राम पंचायत के समस्त निर्माण कार्यों में सरपंच-सचिव द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार की गाथा लिखी है, मेढ़ बंधान, डब्ल्यूएसटी, एसीसी सडक़ निर्माण या अन्य किसी भी प्रकार का निर्माण पंचायत में हुआ हो, यह सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है, शासन द्वारा भेजी जाने वाले राशि से पंचायत का विकास तो नहीं हुआ, लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव का खूब विकास हुआ है, जो व्यक्ति कभी सायकल से चलते थे, वह दो पहिया-चार पहिया वाहन चढ़ रहे हैं, सबसे मजे की बात तो यह है कि पंचायत में रहने वाले ग्रामीण आज भी वहीं है, लेकिन सरपंच-सचिव के रिश्तेदारों को पंचायत से जमकर लाभ मिला है।

### घटिया निर्माणों की जांच नहीं

ग्राम पंचायत कौडिय़ा-63 में अधिकारी सरपंच व सचिव के सरपरस्त बने हुए हैं, सब कमाई के खेल में शामिल हैं, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कोई न तो ध्यान देता है और न कोई जांच पड़ताल होती है। यहां लोगों की इच्छानुसार मूल्यांकन, मुआयना व सत्यापन कर दिया जाता है। पंचायत की अगर उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो, कई चौंकाने वाले मामले उजागर हो सकते हैं। जब-जब सरपंच-सचिव के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने आवाज उठाने का प्रयास किया गया, तो ग्रामीणों की आवाज दबा दी गई। सचिव मोहन तिवारी बीते वर्षो में कौडिय़ा-63 में पदस्थ थे, इस दौरान कई निर्माण कार्य हुए, जिनकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे है, वर्तमान में गोपालपुर में पुलिया निर्माण चल रहा है, वहां भी ऐसा ही कुछ खेला किया जा रहा है।

### खुद का खूब किया विकास

सचिव संघ के अध्यक्ष मोहन तिवारी कई पंचायत में रहे है, जैसे मझगवां 61, मुंडा, जरहा, कौडिय़ा 63 वर्तमान में अपनी सेवाएं गोपालपुर पंचायत में दे रहे है, इनकी पदस्थापना वाली पंचायत का कितना विकास हुआ और सचिव का कितना विकास हुआ, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में सचिव के पास तीन हाईवा, जेसीबी, कई भू-खण्ड अपने परिजनों के नाम पर लिए है, अगर ईओडल्ब्यू द्वारा सचिव की संपत्ति खंगाली जाए तो, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि वह धनाड्य सचिवों की पंक्ति में ऊपर नजर आयेंगे। हर साल सचिव को संपत्ति सार्वजनिक करनी थी, इसके साथ ही पंचायत में सालभर में कितनी लागत का काम हुआ। कब शुरू हुआ और कब खत्म, इसकी जानकारी भी देनी थी, लेकिन सचिव ने ऐसा किया नहीं और अधिकारियों ने कभी संपत्ति उजागर करने के लिए बोला ही नहीं।

### कमाई का बनाया जरिया

ग्राम पंचायतों में सरंपच, सचिव का बेलगाम राज चल रहा है। सचिव संघ के अध्यक्ष ने अपनी पदस्थापना वाली पंचायतों में पहले ऐसे तमाम काम कराए गए, जिनमें कमाई का रास्ता नजर आया। यहां तक कि कई अनुपयोगी काम भी करा दिए गए हैं, ऐसे तमाम निर्माण कार्य कराके जिम्मेदारों ने अपना-अपना हिस्सा तो ले लिया पर ये निर्माण कार्य अनुपयोगी पड़े-पड़े बर्बादी की कगार पर हैं। मनरेगा के काम मशीनों से कराके फर्जी मस्टर भरे जाने की चर्चा किसी से छुपी नहीं है, जिम्मेदार जानकर अंजान बने हुए हैं, इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। ईओडब्ल्यू द्वारा सचिव मोहन तिवारी के वेतन से अब तक होने वाली आय के हिसाब से अर्जित लाभ और उनकी मौजूदा संपत्ति का हिसाब लगाये तो, चौकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे। हालाकि मामले में कितनी सत्यता है, यह तो जांच के बाद ही सामने आ सकता है।






## कोतमा के युवाओं ने वृक्षारोपण का किया आयोजन

**कोतमा।** वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी है। पौधरोपण कर दिया संदेश, कहा-बीमारियों से बचाव के लिए पर्यावरण को हरा भरा रखें। जिले के देवहरा गांव में युवा द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें सात वर्षीय प्रशांत मिश्रा ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण सभी को करना चाहिए। वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है इसका मुख्य कारण जंगल नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। शुभम गौतम लल्ला ने बताया कि इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। यहां की प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। अभय गौतम उपयंत्री ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। युवा रश्मि ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़ पौधे अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी रक्षा करें।

# कोयलांचल में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

## साहित्य एवं खेल अकादमी तैयारियों को लेकर जुटा

**शहडोल।**


अंतरराष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास की कविता आज पूरे देश में जब भी कभी सम्मेलन का आयोजन होता है तो लोग गुनगुनाने को मजबूर हो जाते हैं, अब जब कुमार विश्वास शहडोल संभाग पहुंच रहे हैं, जहां पर वह नेहरू डिग्री कॉलेज मैदान में साहित्य एवं खेल अकादमी के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का जो आयोजन किया जा रहा है, उसमें श्रोताओं को उनकी कविताएं सुनने को मिलेगी, यही वजह है कि अब पूरे संभाग में इस कवि सम्मेलन को लेकर हर किसी में एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा है।

चार दिनों के बाद नेहरू डिग्री कॉलेज मैदान में शाम के 7 बजे के साथ ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की शुरुआत हो जाएगी और अब इस आयोजन को लेकर हर किसी को बेसब्री से इंतजार भी है, यह पहला ऐसा मौका है, जब इतने बड़े आयोजन को लेकर साहित्य एवं खेल अकादमी आगे आया है और पिछले कई दिनों से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारी को लेकर दिन-रात जुटा हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में शहडोल संभाग में पहली बार ऐसा होगा जब डॉक्टर कुमार विश्वास अपनी कविताओं से कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं को गुनगुनाने के लिए मजबूर करेंगे, वैसे भी अगर देखा जाए तो उनकी कविताओं को हर कोई पसंद करता है और अब जब वह मंच पर मौजूद रहकर अपनी कविताओं की रचना करेंगे तो, निश्चित ही मंच के सामने बैठे श्रोता भी पूरी तरह से उत्साहित होंगे। साहित्य एवं खेल अकादमी के सदस्य इस आयोजन को लेकर कई महीनो पहले से तैयारी कर रहे थे और अब उनका यह प्रयास पूरी तरह से सफल होता हुआ भी देखा जा रहा है, वैसे भी अगर देखा जाए तो, इस कवि सम्मेलन को लेकर जिस तरह से पूरे संभाग में उत्साह देखा जा रहा है, उसे लेकर यह बात भी कहीं जा रही है कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति देखने को मिलेगी। साहित्य एवं खेल अकादमी के अध्यक्ष कमलेश शर्मा एवं बलमीत सिंह खनूजा हनुमान खंडेलवाल सुजीत सिंह चंदेल भानू दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को लेकर अब सिर्फ तीन दिन शेष रह गए हैं और आयोजन की सफलता को लेकर तैयारी को भी जोर शोर से किया जा रहा है।

दूसरी तरफ जिस तरह से इस आयोजन को लेकर सभी का सहयोग मिल रहा है, निश्चित है कि यह आयोजन ऐतिहासिक होगा, कार्यक्रम को लेकर तैयारी में कोई भी कमी नहीं की जा रही है, नेहरू डिग्री कॉलेज मैदान में कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं उन्होंने इस बात को लेकर भी अपील की है कि कार्यक्रम में सभी समय पर पहुंचे ताकि किसी तरह की दिक्कत ना हो।

साहित्य एवं खेल अकादमी के अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन पूरे संभाग का आयोजन है और सभी को मिलकर इस आयोजन को सफल बनाना है, कहीं ना कहीं अगर देखा जाए तो यह ऐतिहासिक अवसर है जब अंतरराष्ट्रीय कवि डॉक्टर कुमार विश्वास इस कवि सम्मेलन में शामिल होंगे, आज अगर देखा जाए तो उनकी कविताओं को लेकर सभी में एक उत्साह देखा जाता है, चार दिनों के बाद नेहरू डिग्री कॉलेज मैदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें डॉक्टर कुमार विश्वास के अलावा देश के प्रख्यात अन्य कवि भी मौजूद होंगे जिनकी कविताओं को सुनने का अवसर कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं को मिलेगा।

साहित्य एवं खेल अकादमी के सदस्य बलमीत सिंह खनूजा ने कहा कि किसी भी आयोजन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इसे सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग मिले और आज अगर देखा जाए तो समिति को पूरा सहयोग लोगों का मिल रहा है और इसी सहयोग के कारण कार्यक्रम में भव्यता प्रदान करने को लेकर कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है, लगातार कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, बड़ी संख्या में लोग भी इस आयोजन से जुड़ रहे हैं और समिति को अपना पूरा सहयोग भी कर रहे हैं, नेहरू डिग्री कॉलेज मैदान में सभी व्यवस्थाओं को लेकर भी समिति की ओर से पूरा ध्यान दिया जा रहा है और निश्चित है कि 20 जून को शहडोल संभाग के लिए वह पल ऐतिहासिक होगा, जब इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन शुरू होगा। जिसमें डॉ कुमार विश्वास मंच पर मौजूद होंगे और श्रोताओं को उनकी कविताएं सुनने का अवसर मिलेगा।

# नगर परिषद बनगवां का रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



## वार्ड 10 के खिलाड़ियों ने वार्ड 6 को हराकर जीता फाइनल मैच

**राजनगर।**

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) द्वारा 6 जून से 14 जुन तक रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इसमें 16 टीमों ने लिया। शुक्रवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मे वार्ड क्रमांक 6 तथा वार्ड क्रमांक 10 के खिलाड़ियों के मध्य मैच हुआ। मैच कुल 10-10 ओवर का हुआ। वार्ड क्रमांक 6 कल 34 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वार्ड 10 के खिलाड़ियों ने यह मैच 6, विकेट से जीता है। इस मैच में वार्ड क्रमांक 10 के खिलाड़ीयो ने फाइनल मैच जीता। मैन ऑफ द मैच प्रेम, बेस्ट बैट्समैन लकी मरावी, बेस्ट बॉलर भास्कर, बेस्ट फिल्डर बबलू, मैन आफ द मैच का खिताब प्रशांत को दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप जायसवाल लघु कुटीर उद्योग मंत्री विशिष्ट रहे। मुख्य अतिथि द्वारा विजयी टीम को पुरस्कार देकर टीम को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल अपने उद्बोधन में कहां कि राजनगर स्टेडियम इस क्षेत्र का सबसे बढ़िया स्टेडियम है। यहां पर कोतमा विधानसभा स्तर पर आगामी दिनों में क्रिकेट टूनार्मेंट कराया जाएगा। खिलाड़ियों को खेलने का बेहतर अवसर मिलेगा। नगर परिषद द्वारा खिलाड़ियों के बेहतर प्रतिभा दिखाने का अवसर इस टूर्नामेंट के माध्यम से मिला। इस दौरान वार्ड नंबर 10 की पार्षद महोदया एडवोकेट. संगीता सोनी द्वारा विजयी टीम को एक क्रिकेट किट दिया गया। जिससे कि वार्ड के सभी खिलाड़ीयो को बेहतर खेलने अवसर मिलेगा। अपनी खेल के प्रति रुचि दिखा सके। स्वस्थ रह सके। इन खिलाड़ियों द्वारा जिला स्तर, संभागीय स्तर, प्रदेश स्तर तक का खेलने का मौका मिलेगा। पार्षद एडवोकेट संगीता सोनी द्वारा वार्ड 10 के सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह द्वारा जो प्रयास किया वह सराहनीय रहा। इस खेल के दौरान थाना रामनगर थाना प्रभारी अजय वर्मा तथा थाना स्टाफ द्वारा कार्यक्रम के दौरान कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई। जिससे यह कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। हजारों संख्या में दर्शकों की भीड़ राजनगर स्टेडियम में जमी रही लोगों ने फाइनल मैच का आनंद लिया। इस अवसर पर रामदास पुरी जिलाध्यक्ष भाजपा, हनुमान गर्ग जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, डॉ. सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद डूमर कछार, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां, धनंजय सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद बनगवां, धर्मेंद्र सिंह, सुरेश गौतम, राजेश कलसा, बृजमोहन सिंह, कमलेश चतुर्वेदी, हसनैन हुसैन, सचिन द्विवेदी, लल्ला चौहान, सभी वार्ड के पार्षद गण, पत्रकार समर बहादुर, बी. एल सिंह, मुनेंद्र यादव, पंकज कुमार शर्मा, मनीष सिंह रहे। नगर परिषद बनगवां के लेखापाल राजेश मिश्र, अजय श्रीवास्तव, धनंजय यादव, अखंड प्रताप सिंह, मनजीत भारती, योगेंद्र गुप्ता, जे.पी यादव, नीरज शर्मा सहयोग रहा।

# गोड़ारू के दुलहिन बांध में भ्रष्टाचार, नल जल पाइप लाइन के ऊपर नाली निर्माण



### मंत्री के निर्देश भी बेअसर

**कोतमा।**

कोतमा विधायक तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा 2 दिन पूर्व ही जनपद सभागार कोतमा में समीक्षा बैठक लेते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को यह सख्त चेतावनी दी गई थी कि निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही तथा गुणवत्ता विहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके बावजूद मंत्री के निर्देश का कितना असर विभागीय अधिकारियों तथा उनके अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों में है इसका नजारा कोतमा जनपद के ग्राम पंचायत गोडारू मजरा टोला दुलहिन बांध में नाली निर्माण के कार्य में देखने को मिला जहाँ में पंचायत के द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है जहा नल जल के पाइपलाइन के ऊपर नाली का निर्माण करवा दिया गया। नाली निर्माण भी ऐसा किया गया है कि गुणवत्ता के किसी भी मापदंड पर यह खरा दिखाई नहीं पड़ रहा है। मंत्री के निर्देश के बावजूद ग्राम पंचायत में मनमानी की जा रही है जहां शासकीय निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

निर्माण कार्य का जांच करवा लेता हूं अगर अनियमितता बरती गई है तो जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

**लाल बहादुर वर्मा, सीईओ**
**जनपद पंचायत कोतमा**

## लालमन सिंह पर द्वेष पूर्ण कार्यवाही प्रबंधन बंद करें, होगा वृहद आंदोलन

**जमुना/बदरा।** एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में संयुक्त यूनियन जिसमें बीएमएस एटक इंटक सीटू ने महाप्रबंधक को संयुक्त रूप से पत्र लिखकर मांग किया था कि लालमन सिंह पर हो रहे द्वेष पूर्ण कार्यवाही को प्रबंधन तत्काल बंद करें। संयुक्त मोर्चा ने कहा कि लाल मानसिंह एटक के जेसीसी सदस्य हैं और जिस प्रकरण को लेकर उन पर कार्यवाही की जा रही है उस प्रकरण में वर्ष 2008 में ही पूरी कार्रवाई हो चुकी है जिसे पुनः 2024 में खोलकर कार्यवाही करना प्रबंधन की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। हम सभी इसकी निंदा करते हैं इसकी सूचना देने पर भी प्रबंधन ने ठोस कदम नहीं उठाया तो संयुक्त मोर्चा ने 16 जून को पुनः चेतावनी देते हुए पत्र लिखा कि 17 जून को शाम 4 बजे महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री ने श्रीमती जटिया के निधन पर व्यक्त किया शोक

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल नेभारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती जटिया जी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पुण्यात्मा को मोक्ष प्रदान करने एवं परिजनों को यह असीम दुःख सहने करने की क्षमता देने की प्रार्थना की है।

### प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को किसान सम्मान निधि करेंगे जारी

**रीवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पात्र किसानों को योजना की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून को किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणासी में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से सिंगल क्लिक से किसानों के खाते में योजना की राशि जारी करेंगे। इस कार्यक्रम का जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। सभी ग्राम पंचायतों में भी योजना से लाभांवित किसानों को कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से जोड़ा जायेगा। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के लिए लाभांवित किसान अपना पंजीयन माईजीओव्ही प्लेटफार्म पर कर सकते हैं। इस पूरे कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदारों को किसान उत्सव दिवस के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं।

### म.प्र.में न्यूनतम मजदूरी आकस्मात कम करने से मजदूरों में आक्रोश

**रीवा।** मध्य प्रदेश में अक्टूबर 2014 में की गई पुनरीक्षित न्यूतम मजदूरी दरों का पुनः पुनरीक्षण 5 वर्ष के अन्दर अक्टूबर 2019 तक किया जाना अधिनियम की धारा 3 के अन्दर अनिवार्य था लेकिन यह बहु प्रतीक्षित पुनरीक्षण न्यूनतम मजदूरी दरें 10 वर्ष में 1 अप्रेल 2024 से राज्य सरकार द्वारा निम्नानुसार लागू की गई। अकुशल श्रमिक मासिक वेतन 11800/-, अर्द्धकुशल 12796/-, कुशल 14519/-, उच्च कुशल 16144 रुपये प्रतिमाह मध्य प्रदेश के श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित किया गया। प्रदेश के श्रमिकों के लिए पुनरीक्षित उक्त न्यूनतम मजदूरी दरों के विरुद्ध पीथमपुर औद्योगिक संगठन तथा मध्य प्रदेश टेक्सटाइल मिल एसो.द्वारा याचिका सरकारी संकेत से दायर की गई जिसके सम्बन्ध में मान.उच्च न्यायालय के खण्डपीठ इन्दौर द्वारा दिनांक 8 मई 2024 को सुनवाई कर स्थगन आदेश दिया गया और इस स्थगन आदेश के चलते श्रमायुक्त म.प्र.शासन द्वारा आदेश दिनांक 24 मई 2024 को पुरानी दरों पर 1 अप्रेल 24 से भुगतान हेतु जारी कर दिया। पुरानी दरों के अनुसार अकुशल श्रमिकों को 10175 रु.प्रतिमाह, अर्द्धकुशल को 11032 रुपये, कुशल को 12410 रु., उच्च कुशल को 13710 रु.किया गया जिसके कारण क्रमशः 391 रु., 424 रु., 477 रु., 527 रु.प्रदेश में प्रति मजदूर की मजदूरी कम हो गई। प्रदेश के न्यूनतम मजदूरी पर आश्रित लाखों लाख श्रमिकों को अप्रेल 24 पुनरीक्षित दरों से भुगतान मई 24 में प्राप्त हो जाने के उपरांत उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से यह स्थिति निर्मित हुई। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जी.पी.त्रिपाठी ने सरकार से मांग की है कि उक्त स्थगन को अविलम्ब सरकारी प्रयास करके निरस्त कराया जाय ताकि लाखों श्रमिकों, आउटसोर्स मजदूरों को नई पुनरीक्षित दरों का लाभ मिल सके।



### नवीन शिक्षण सत्र की तैयारी को लेकर बैठक

**सिलौड़ी।** जन शिक्षा केंद्र सिलौंडी के अंतर्गत समस्त शाला प्रभारी की बैठक आहूत की गई जिसमें जे एस के प्रभारी योगेश सिंह जन शिक्षक संतोष कुमार बर्मन एवं जन शिक्षा केंद्र के समस्त शाला प्रभारी बैठक में सम्मिलित हुए एवं नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ करने की योजना FLN की गतिविधि कैसे किया जाए इस विषय में मंथन किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : समापन में हुये कई कार्यक्रम

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का हुआ सजीव प्रसारण

जिले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले भर में परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार के कार्य किये गये। गांव-गांव जल कलश यात्राऐं निकाल कर आमजनता को जल संरक्षण और संवर्धन के अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया।





रीवा !

अभियान के दौरान तालाबों, स्टाप डैम, पुरानी बावड़ी, कुंओं तथा नदी घाटों की सफाई की गयी। कई नये स्टाप डैमों का निर्माण किया गया। जिले भर में गंगा दशहरा को अभियान का समारोह पूर्वक समापन हुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री जी के उज्जैन में राज्य स्तरीय समारोह में उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल जिले के लाखों लोगों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। सभी नगरीय निकायों में भी जल संवर्धन का संकल्प लिया गया।

रीवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 1030 खेत, तालाबों की साफ-सफाई की गयी अभियान के दौरान जिले में बहने वाली विभिन्न नदियों और नालों में 157 स्थानों पर साफ-सफाई तथा मलवा निकालने का कार्य हुआ। विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा से 960 जल संवर्धन के कार्य किये गये। अभियान के दौरान 533 छोटे-बड़े तालाबों के गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के 352 शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टग संरचनाओं का निर्माण किया गया। अभियान समापन पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत माड़ौ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक देवतालाब गिरीश गौतम एवं कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर सिरमौर की ग्राम पंचायत बेदुआ में शिवमंदिर में साफ-सफाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बबईया में दुर्गा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गयी। ग्राम पंचायत डोल, खारा, मड़ौ तथा अन्य ग्राम पंचायतों में भी मंदिरों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य किये गये। इनमें मुख्यमंत्री जी के सजीव प्रसारण को दिखाया गया। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत दुआरी में शिव मंदिर परिसर तथा धिरमा नाले की साफ-सफाई की गयी। ग्राम पंचायत धोपखरी में विष्णु भगवान की मंदिर तथा रानी तालाब में साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्राम लोही में प्रसिद्ध खेमसागर हनुमान जी मंदिर परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत खजुहा में पंचायत पदाधिकारियों तथा ग्रामवासियों ने ढाडेश्वरनाथ शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने किया।

विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत चौड़ियार में भैरवबाबा मंदिर परिसर में साफ-सफाई करके दीप जलाये गये। ग्राम पंचायत बदवार में जल गंगा अभियान के समापन अवसर पर नवनिर्मित स्टाप डेम का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत भलुहा तथा चोरगढ़ी में तालाबों के घाटों की सफाई करके स्वच्छता के दीप जलाये गये। विकासखण्ड त्योंथर में ग्राम पंचायत कोनियाकला में नदी घाट मंदिर की साफ-सफाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जल गंगा अभियान में विशेष योगदान देने वाले को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत सोहागी में मनधपेश्वनाथ मंदिर तथा अड़गड़नाथ मंदिर की साफ-सफाई की गयी। ग्राम पंचायत घटेहा में महतियाबाबा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गयी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विकासखण्ड जवा में ग्राम पंचायत वीरपुर, रौली, शिवपुर, बदक्सा तथा सितलहा में मंदिरों एवं तालाबों की साफ-सफाई की गयी। विकासखण्ड गंगेव में ग्राम पंचायत कदैला में त्रिफला तालाब, मढ़ीकला पचपहरा तालाब, पहरखा में बरमाई तालाब तथा मंदिर, मौहरिया में जतिया तालाब मंदिर में साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने भागीदारी निभाई। देवतालाब के प्रसिद्ध शिवमंदिर में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने साफ-सफाई कार्य में भागीदारी निभाई। सीतापुर में ओड्डा नदी के किनारे तथा रामपुर में देवधारा मंदिर में साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है - विधायक त्योंथर

**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में परंपरागत जल स्त्रोतों के सुधार और साफ-सफाई का कार्य किया गया। गत दिवस ग्राम पंचायत बरेतीखुर्द में विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी ने चेक डैम निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान से पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है। सरकार के प्रयासों और आमजनता के सहयोग से कई तालाबों, कुपों तथा अन्य जल स्त्रोतों में जीर्णोद्धार के कार्य किये गये हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की जल संरक्षण की अभिनव पहल से जिले भर में जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है। हमारी सरकार आमजनता के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। आमजनता भी विकास कार्यों में अपनी भागीदारी निभाये। पानी को बचाने के लिए चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभाये। पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। अच्छी वर्षा होने के बाद हर व्यक्ति कम से कम दो पेड़ आवश्यलगाये। धरती पर हरियाली और पानी रहेगा तभी उसमें मानव और अन्य जीवों का जीवन सुरक्षित रहेगा।







समारोह में जनपद पंचायत जवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागेन्द्र सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा तथा 15में वित्त की राशि से जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। पंचायत पदाधिकारियों तथा आमजनता द्वारा इनमें खुलकर सहयोग दिया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, नदी, नालों तथा कुओं की साफ-सफाई करायी जा रही है। आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करके उसमें गढ्ढे बनवाये जा रहे हैं। जल स्त्रोतों तथा घाटों की साफ-सफाई का भी अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**रीवा।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्ट्रा परियोजना के तहत सीमैट के सहयोग से शिक्षकों का संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित जा रहा है। प्रशिक्षण में कक्षा 9वीं और 10वीं में गणित, अंग्रेजी तथा विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक-1 में आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एसके त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण से व्यक्ति के कौलश और सामर्थ्य में निखार आता है। प्रशिक्षण से नवीन ज्ञान, कौशल और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण में दिये जा रहे ज्ञान को आत्मसात करें। प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में संभाग के सभी जिलों के शिक्षक शामिल हो रहे हैं। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अंग्रेजी पढ़ाने वाले 207 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में 11 से 15 जून तक आयोजित प्रशिक्षण में विज्ञान तथा अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले 265 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे चरण का प्रशिक्षण 18 से 22 जून तक आयोजित किया जायेगा। शिक्षकों को राज्य स्तर से प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में उप संचालक केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता तथा विद्यालय के प्राचार्य जेपी जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सहायक संचालक आकांक्षा सोनी, राजेश मिश्रा, प्रवीण द्विवेदी, संगीता त्रिपाठी तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# तेज आंधी में महुआ का पेड़ घर पर गिरा

## बाल बाल बचा आदिवासी परिवार

ब्यौहारी।

नगर के बार्ड क्रमांक 2 की घटना ब्यौहारी - छेत्र में इन अब मानसून की दस्तक के साथ कल नगर में तेज आंधी चली जिसकी चपेट में एक आदिवासी परिवार आ गया सोमवार रात 9 बजे नगर के वार्ड क्रमांक 1 में तेज आंधी से एक बड़ा महुआ का पेड़ गिर गया जिसकी चपेट में राम नरेश कोल मउहार टोला में रहने वाले परिवार के आने से घर पूरी तरह से नष्ट हो गया और एक गरीब परिवार बेघर हो गया लेकिन गनीमत यह रही की किसी के जान माल के नुकसान नहीं हुई घटना की सूचना के बाद राजस्व विभाग से राजकुमार पटेल पटवारी महेंद्र सिंह एवं पार्षद सोनू साकेत मौका पंचनामा पर उपस्थित रहे नगर पालिका का अमला घटना स्थल पहुंचा पीड़ित परिवार ने सरकार क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की है ।



# जल गंगा संवर्धन अभियान में विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने निभाई भागीदारी






रीवा

जिले भर में 5 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। अभियान का गंगा दशहरा को समारोह पूर्वक समापन किया गया। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह आयोजन किया गया। विकासखण्ड गंगेव की मढ़ीकला पंचायत में पचपहरा तालाब में आयोजित कार्यक्रम का विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने शुभारंभ किया। विधायक प्रजापति ने जनप्रतिनिधियों के साथ तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया। उन्होंने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकासखण्ड मऊगंज की ग्राम पंचायत खूटा बेदौलियान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया। इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि इस अभियान से जिले भर में जल संरक्षण के कार्य किये गये हैं। आमजनता को पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया है। जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के लिए हर व्यक्ति संकल्प लेकर प्रयास करें। डॉ. सोनवणे ने बताया कि देवतालाब के प्रसिद्ध शिव मंदिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ-सफाई की गयी। जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने आमजनता से मिलकर मंदिर की साफ-सफाई की। समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विकासखण्ड मऊगंज में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में ग्राम खैरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों तथा आमजनता ने नदी के उद्गम स्थल में श्रमदान किया इसके बाद बिछिया नदी का पूजन किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत घटेहा में महतियाबाबा मंदिर में जनपद अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मंदिर की साफ-सफाई की इसके बाद परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत बहुरीबाध में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर मंदिर की साफ-सफाई की गयी।






# कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा आयोध्या चुनाव को लेकर रजक (धोबी) समाज पर की गई टिप्पणी को अभद्र बताते हुए रजक समाज ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी कटनी एवं पुलिस अधीक्षक कटनी को ज्ञापन सौपकर कार्यवाई की मांग की है। रजक समाज जन जागृति विकास समिति कटनी अध्यक्ष श्यामलाल रजक ने बताया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए, जिसमें आयोध्या सीट से भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। इसी संदर्भ में इंटरनेट मीडिया पर अहंकारी भाजपा नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाज के विरूद्ध टिप्पणी की। समिति पदाधिकारियों रामाधार रजक, प्रेमलाल रजक, भारत रजक, संदीप रजक ने कहा कि हमारी समाज देश के कई प्रदेशों में दलित (अनुसूचित जाति) समुदाय में आती है। धोबी समाज को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम के खिलाफ कानूनी कार्यवाई होनी चाहिये। समिति सदस्य सुमन रजक, ममता रजक, रोशनी रजक, रेखा रजक, रामवती रजक, गीता रजक, स्वाती रजक, मौजीलाल रजक, हेतराम रजक, राजकुमार रजक, अजय रजक, आदि ने आचार्य प्रमोद कृष्णम पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### बाल भारती पब्लिक स्कूल सीएलसी स्कूल के रूप में हुआ सम्मानित

**अनूपपुर।** सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड के आयोजित ऑनलाइन शुभारम्भ समारोह में बाल भारती पब्लिक स्कूल अनुपपुर को शहडोल संभाग में एकमात्र कनेक्टेड लर्निंग कम्युनिटी (सीएलसी) स्कूल के रूप में सम्मानित किया गया है, जो सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड द्वारा समर्थित एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। निःसंदेह यह एक प्रतिष्ठित स्कूल की शैक्षिक उत्कृष्टता और तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम की शुरूआत बीबीपीएस अनूपपुर के प्राचार्य के स्वागत संबोधन से हुई, जिन्होंने स्कूल के आदर्श वाक्य "हंसो नयतु नः प्रज्ञाम" पर जोर दिया, जो संस्थान की उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ हिन्दुस्तान पॉवर जैतहरी के मानव संसाधन विभाग प्रमुख आरके खटाना, द्वारा फीता काटकर किया गया, साथ ही कंपनी प्रबंधन से विजय सोनी और गौरव पाठक की उपस्थिति ने इसे और गरिमामय बनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माइक्रोसॉफ्ट "कार्ट ब्लांच - एंडलेस एम्पावरमेंट", प्रोजेक्ट की शुरूआत थी। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि यह परियोजना, "कार्ट ब्लांच - एंडलेस एम्पावरमेंट", सीबीएसई और टेक अवंत-गार्ड (टैग-माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल ट्रेनिंग पार्टनर) के बीच का संयुक्त उद्यम है। कार्यक्रम के तहत, टेक अवंत-गार्ड, सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य भागीदारों के साथ साझेदारी में हाइब्रिड लर्निंग, डिजिटल लिटरेसी, स्किल हब इनिशिएटिव, फाइनेंशियल डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम, एडोलसेंट हेल्थ प्रोग्राम, हेल्थ कियोस्क, स्कूल एंड कॉलेज कनेक्ट, आर्ट कनेक्ट, स्कूल सिनेमा और वर्चुअल फील्ड ट्रिप को लागू करेगा। कार्यक्रम में अजय कुमार तिवारी, परियोजना समन्वयक और कक्षा आठवीं की कक्षा शिक्षिका रश्मि उपाध्याय के समर्पण को भी सम्मानित किया गया। कार्ट ब्लांच की पहल तथा छात्रों को उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करने में इनका सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन बीबीपीएस अनूपपुर को एक ऐसे स्थान के रूप में पोषित करने के वादे के साथ हुआ, जहां विद्यार्थियों के सपने उड़ान भरते हैं और जहां ज्ञान और क्षमता फलती-फूलती है। कार्यक्रम की शानदार सफलता, निश्चित रूप से छात्रों को उत्कृष्टता प्रदान करने और तकनीकी रूप से निपुण बनाने की ओर बीबीपीएस अनूपपुर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### गायत्री चेतना केन्द्र अनूपपुर में मनाया गया गायत्री जयन्ती पर्व



**अनूपपुर।** 16 जून को अनूपपुर शहर के बस्ती रोड स्थित गायत्री चेतना केन्द्र में परमपूज्य गुरुदेव राम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण दिवस के गंगादशहरा एवं गायत्री जयन्ती का पर्व सैकडों परिजनों की उपस्थिति में 2 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के माध्यम से बनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 7 अखंड गायत्री महामंत्र के जाप से हुआ जो एक घंटा अनवरत चला तथा 8:30 बजे से चेतना केंद्र अनूपपुर के प्रथम तल पर दो कुण्डीय गायत्री यज्ञ के साथ गायत्री जयंती का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ लगभग 20 जोड़े गायत्री परिजनों की उपस्थिति में गायत्री परिवार के पुरोहित भैयाराम राठौर ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बलक सिंह राठौर ने बताया कि यह पर्व विगत 98 वर्षों से अनवरत प्रज्वलित शांतिकुंज हरिद्वार में जल रहे अखण्ड ज्योति तथा परम वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के 2026 में सम्पन्न हो रहे शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा जलाए अखंड दीपक की लौ से प्रकाशित अखंड ज्योति पत्रिका जो आध्यात्मिक पत्रिका सैकड़ो परिजनों के घर तक अखंड ज्योति का आलोक पहुंचती है।

# जिले के स्वास्थ्य विभाग के मद में आया 1.5 करोड़

## आनन फानन में कर ली खरीदी

### बजट वापस करने का मिला नोटिस, जुगाड़ में जिम्मेदार





अनूपपुर।

मध्यप्रदेश शासन के संचालनालय स्वास्थ्य के वित्त विभाग द्वारा त्रुटि वश उपयोगिता के मुताबिक लगभग लागत राशि 15 से 20 लाख रुपए भेजी जानी थी लेकिन जानबूझकर या त्रुटि के कारण अनूपपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के मद में 1 करोड़ 51 लाख आ गया जिसे फार्मासिस्ट व स्टोर प्रभारी विनोद मिश्रा के द्वारा अपनी निजी संपत्ति मानकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए के अवधिया के द्वारा कमीशन के चक्कर मे फटाफट प्रक्रिया पूरी करते हुए ऑर्डर कर सामग्री क्रय कर ली गई प्रथम दृष्टया स्वास्थ्य विभाग अनूपपुर के जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले को लेकर दोषी हैं। कारण कि उपरोक्त मद में जब पहली बार इतना बजट आया था तो उसे अपने घर की खेती मानकर खर्च करने के पहले संचालनालय से स्पष्ट कर लिए होते जो इन्होंने नही किया और अपना निजी पूँजी मानकर मनमर्जी तरीका से दोनो हाथ खर्च करने की कार्यवाही चालू की। इस पूरे घटनाक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का दोष तो है ही उनके कार्यालय में पदस्थ मास्टरमाइंड स्टोर प्रभारी विनोद मिश्रा भी कमजोर नही, उन्हें पूरी बात स्पष्ट करते हुए अपने अधिकारी को सार्वजनिक करना उचित था। हालांकि स्टोर प्रभारी विनोद मिश्रा की कार्यशैली को लेकर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के द्वारा कई बार सीएमएचओ को चेतावनी भी दी गई थी एवं उन्हें स्टोर से हटाकर अन्य जगह पदस्थ किये जाने के लिए कहा गया था, लेकिन विनोद मिश्रा के तगड़े मैनेजमेंट की वजह से हटा पाना मुश्किल हो गया था, वही स्टोर प्रभारी इतना शातिर निकला कि अपने ही अधिकारी को नुकीले कांटो के बीच खड़ा कर दिया। पूरे मामले को लेकर जितना दोषी अनूपपुर जिले का स्वास्थ्य विभाग है उससे कहीं दो गुना मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विस कारपोरेशन लिमिटेड संचालनालय भोपाल में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी भी है। पूरे मामले मे यह स्पष्ट साबित हो रहा कि वहां बैठे अधिकारी कर्मचारी भी लापरवाहीपूर्वक काम न किये होते तो लगभग 1 करोड़ 51 लाख रुपये केवल अनूपपुर जिले के लिए न भेज देते। यह अलग बात है कि अपनी गलती से बचने के कारण सीएमएचओ अनूपपुर को नोटिस भेजकर अपनी सफाई देना चाहते है।

**इनका कहना है**

1 करोड़ 55 लाख के लगभग बजट आया था जिसमे 1 करोड़ 8 लाख का ऑर्डर हो चुका है। 43 लाख का बजट वापस किया जा चुका है। भोपाल से बजट भेजने के बाद वापस क्यूं मांगा जा रहा है ये भोपाल वाले ही बता सकते हैं।

**डॉ. एके अवधिया**
**सीएमएचओ अनूपपुर**



### पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा योजना में अमरकंटक को भी शामिल करने की मांग

**अनूपपुर।** दुनियाभर के श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र उज्जैन के बाबा महाकाल और खंडवा के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए अब हेलिकॉप्टर सेवा 16 जून से शुरू हो चुकी है। शुरूआती दौर में ये हेलीकॉप्टर सेवा इंदौर, उज्जैन और खंडवा के लिए ही है जिसे भविष्य में और बढ़ाया जा सकता है। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का पहला विमान उज्जैन और भोपाल के लिए रविवार से देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से रवाना हुआ। ज्ञात हो कि टूरिज्म को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने 13 जून को पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का फ्लैग ऑफ किया था। इसके साथ ही उन्होंने एयरपोर्ट पर नए बुकिंग काउंटर का शुभारंभ भी किया। इस योजना में बताया गया कि दो विमान 8 शहरों को जोड़ेंगे। इन शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो शामिल हैं। इससे मध्य प्रदेश के पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर सीएम डॉ। यादव के साथ कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा योजना मे अमरकंटक शामिल नही होने से यहां के लोगों मे रोष है। जिलेवासियों का कहना है कि दुनिया भर के आस्था का केन्द्र मां नर्मदा नदी का उद्गम स्थल व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अमरकंटक को भी पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा योजना मे शामिल किया जाये। अमरकंटक लोगों की धार्मिक आध्यात्मिक व पर्यटक तीनों के मिश्रण के लिए जाना जाता है। अमरकंटक के लिए पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा प्रारंभ करने मे सरकार को हेलीपैड बनाने मे अतिरिक्त खर्च भी नही करना पडेगा, चूंकि आईजीएनटीयू व पोडकी मे पहले से ही शासन का हेलीपैड बने हुये हैं।

# जिले में हाथियों की धमक, आते ही शुरू किया तांडव

## दो हाथियों का समूह पहुंचा धनगवां के जंगल, वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क





अनूपपुर।

शनिवार की देर रात दो हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत शिवनी बीट की सीमा पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र अंतर्गत चोलना बीट एवं गांव में प्रवेश कर रात भर चहलकदमी करते हुए चोलना, मालाडांड, पोडी-चोडी, पडौंर से सोन नदी में बने बांध में नहाने बाद रविवार की सुबह धनगवां बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 337 में पहुंचकर विश्राम कर रहा है जिसके देर शाम/रात को कुकुरगोड़ा, क्योटार, पटौरा, चोई, धनगवां सहित ग्रामीण अंचलों में विचरण करने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों, ग्राम पंचायतो द्वारा मुनादी तथा अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को हाथियों के विचरण पर सतर्क रहने की सलाह देते हुए विचरण पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

ज्ञातब्य है कि विगत वर्ष 4 जुलाई 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर पांच हाथियों का समूह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के चोलना बीट एवं राजस्व गांव में प्रवेश करते हुए साल भर पांच, तीन, एक, एक की संख्या के विचरण करते रहे जिसके कारण हजारों किसानों के खेतों के साथ बाडी, मकानो को हाथियों द्वारा नुकसान कर खा कर नष्ट कर दिया गया था इसके अलावा हाथियो के हमले के कारण जिले के तीन ग्रामीणों की मौत भी हुई थी वही अनेक लोग घायल भी हुये थे। चार माह तक निजात मिलने बाद फिर से एक बार हाथियों का समूह अनूपपुर जिले में प्रवेश किया है यह दो हाथी पूर्व में आए पांच हाथियों के समूह के सदस्य हैं जिसमें एक एक दांत वाला हाथी तथा एक दो दांत वाला बड़ा हाथी है जो शनिवार को पूरे दिन छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत 2039 सिवनी बीट के डडिंया एवं घिनौची गांव के मध्य स्थित पहाड़ के जंगल में पूरे दिन व्यतीत करने बाद रात होते ही पहाड़ से उतर कर मालाडांड, करहनी गांव के किनारे से मालाडांड में हरी सिंह गोंड के घर की दीवार तोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को खाने बाद रात 9 बजे गूजर नाला पार कर अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील तथा वन परिक्षेत्र के चोलना बीट एवं राजस्व गाव के झिरियाटोला में प्रवेश कर 11 बजे रात तक निरंतर विचरण करते रहे हैं। दो हाथियों के विचरण पर छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के हाथी प्रभावित ग्रामों की ग्रामीण भारी संख्या में एकत्रित होकर हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश करने के उद्देश्य से हो-हल्ला एवं अन्य माध्यमो से भगाते रहे, हाथियों के प्रवेश की सूचना पर अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, वन मंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पेन्दे, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवांर के निर्देश पर वन परिक्षेत्र जैतहरी वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर रामसुरेश शर्मा, वेंकटनगर पुलिस चौकी के प्रभारी पुलिस दल वन विभाग का मैदानी अमले के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ग्राम पंचायत चोलना एवं अन्य स्थानों के सरपंच एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को हाथियों के नजदीक जाने से रोकते हुए हाथियों को अपने मन से जाने देने का प्रयास किया। इसके बाद रात 11 बजे दोनों हाथी गूजरनाला पार कर छत्तीसगढ़ के मालाडांड गांव के पास से सोननदी के किनारे किनारे चोलना आमाडांड मार्ग के सोन पुल को पार करते हुए सोन केवई नदी के संगम के ऊपर वन परिक्षेत्र कोतमा के पोडी-चोडी में नदी के तट पर बसे सुनील दुबे के खेत की तार फिंसिग की बाउंड्री तोड़कर खेत में प्रवेश करते हुए पड़ौंर के महुआटोला की ओर से सोननदी के किनारे-किनारे मोजर बेयर द्वारा बनाए गए सोननदी के बांध में नहाने बाद रविवार की सुबह धनगवां बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 338, 337 में पहुंचकर पूरे दिन विश्राम कर रहे हैं जिनके देर शाम/रात में जंगल से निकल कर विचरण करने की संभावना को देखते हुए धनगवां, कुकुरगोड़ा, पटौरा, चोई, क्योटार आदि गांव की ग्रामीणों को रात समय सतर्क रहने, हाथियों के समूह से दूर रहने जैसी सलाह मुनादी एवं अन्य माध्यमों से ग्राम पंचायत एवं वन विभाग द्वारा दी जा रही है।

# माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस उल्लासमय वातावरण में संपन्न

## बोले- अवतार नहीं अंश हैं हम, शिव के वंश हैं हम



अनूपपुर।

माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का पर्व बड़े ही उल्लासमय वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के सभी वर्ग के लोग अपने-अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी को माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस के रूप में मनाई। माहेश्वरी समाज के लोगों ने महेश नवमी को भगवान शिव की विशेष पूजा-उपासना की तत्पश्चात अपने इष्ट देव भगवान महेश की पूजा, अर्चना एवं आरती की। तत्पश्चात ओम जय शिव ओंकारा, शिव पार्वती प्यारा महेश आरती एवं स्वागत गीत महेश नवमी का पर्व यह हमारा है से कार्यक्रम प्रारंभ किया। मान्यता है कि इस दिन माहेश्वरी वंश की उत्पत्ति हुई थी। माहेश्वरी समाज द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ में माहेश्वरी समाज शहडोल में अमलाई छोड़कर शहडोल आए अरविंद एवं दीपा पच्चीसिया का शहडोल माहेश्वरी समाज ने स्वागत किया। इसके पश्चात शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त करने वालों में वंशिका काबरा कक्षा दसवीं बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उसका सम्मान किया गया। इसके साथ ही अन्य क्षेत्र में अचीवमेंट प्राप्त किए लोगों में तन्वी मूंदड़ा नीट में 99.64 प्रतिशत अंक प्राप्त करने, हिमांशु मंत्री ने क्रिकेट में शहडोल संभाग का नाम रोशन करने, अनुश्री खटोड़ के आर्टिकेट बनने, हर्षा लखोटिया के असिस्टेंट प्रोफेसर पंडित शंभू नाथ शुक्ला यूनिवर्सिटी शहडोल बनने, मयंक मूंदड़ा बी टेक करके इंदौर में कंपनी ज्वाइन करने एवं श्रुति बियानी के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर सम्मान एवं स्वागत किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल की सचिव वनिता लखोटिया ने बताया कि 5157वां उत्पत्ति दिवस हैं। उन्होंने बताया कि माहेश्वरी समाज दिनों दिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है।गत मास माहेश्वरी महिला मंडल शहडोल के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम हुए जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रमा उज्ज्वला प्रोजेक्ट के तहत कविता खटोड़ ने ऑनलाइन कुकिंग क्लास लेकर अपने हुनर दिखाएं तो नीता मूंदड़ा ने ठाकुर जी की सुंदर पोशाक सहज तरीके से बनाना सिखाया जिसमें प्रदेश की तरफ से 2100 रुपए का पारितोषिक दिया गया जो बहुत सराहनीय है।इसके साथ ही 8 जून को साड़ी वाकेथान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनमें मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधा नामदेव, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका उर्मिला कटारे एवं विभा गुप्ता ने अपने उपस्थिति से रैली की शोभा बढ़ाई।साड़ी परिधान को बढ़ावा देने हेतु पंचायती मंदिर में बैनर लगवाया गया। जिसमे शालीनता से प्रवेश करने का आग्रह किया गया है। आगे भी मंदिरों में ऐसे ही बैनर लगाएंगे। मानसून का सम्मान करते हुए शहडोल अमलाई एवं अनूपपुर में पौधों का आदान-प्रदान करके प्रकृति का सम्मान किया,बच्चों ने भी प्रकृति को हरा-भरा करने में अपना सहयोग दिया। महेश नवमी पर विभिन्न ड्रामा एवं मनोरंजक नृत्य प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें शशि काबरा एवं साधना मंत्री को प्रथम, कीर्ति खटोड़ एवं तृप्ति खटोड़ को द्वितीय और वनिता लखोटिया एवं नीता मुदडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौ माता के लिए अटल कामधेनु सेवा संस्थान जाकर गायों को फल सब्जी गुड़ खिलाया गया। जिसमें सभी का पूर्ण सहयोग रहा। होटल लेवल वन आहूजा मार्केट शहडोल में एकत्रित होकर शहडोल संभाग के सभी महेश्वरी समाज के लोग विभिन्न प्रकार के गेम का लुत्फ उठाया। जिसमें हाउजी गेम्स के साथ अन्य गेम का समाज के लोगों ने लुत्फ उठाया। महेश नवमी के साथ ही फादर्स डे होने पर बच्चों ने चंद पंक्तियां सुनाई एवं केक काटकर खुशी मनाई। कार्यक्रम में एम.एल.मंत्री, कमल मूंदड़ा, अरुण बियानी, दिलीप ईनानी संध्या बियानी दीपा पच्चीसिया ने भी अपने-अपने विचार रखे। अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान जाकर गायों को फल, सब्जी, गुड़ खिलाया। कार्यक्रम में अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



# कसौंधन वैश्य समाज के जिला इकाई अनूपपुर का शपथ ग्रहण संपन्न

अनूपपुर।

15 जून को अनूपपुर जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह एवं जिला अधिवेशन का कार्यक्रम होटल सूर्या में विशिष्ठ अतिथि बृजकिशोर गुप्ता, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं बी.सी.एम, कोतमा, अनूपपुर इकाइयों के गणमान्य सामाजिक सदस्यों के मध्य संपन्न हुआ। सर्वप्रथम महर्षि कश्यप जी की पूजा अर्चना की गई इसके उपरांत प्रांतीय पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का तिलक वंदन कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रांतीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता के द्वारा अनूपपुर जिला अध्यक्ष एवं जिले की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तदोपरांत कोतमा, बी.सी.एम एवं अनूपपुर के नगर इकाई के पदाधिकारियो को शपथ दिलाई गई एवं समस्त पदाधिकारियो को प्रमाण पत्र वितरित किए गए बीसीएम एवं नगर इकाई अनूपपुर के द्वारा सामाजिक बायोडाटा एवं जनगणना पत्रक प्रांतीय समिति को प्रदान किए गए। इकाइयों ने सर्वसम्मति से कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष के रूप संतोष गुप्ता (कोतमा) को मनोनीत किया गया। मंगेश गुप्ता बुढार इकाई अध्यक्ष के द्वारा अनूपपुर में सामाजिक धर्मशाला निर्माण होने की स्थिति पर रजिस्ट्री व्यय पर 51000 रुपए प्रदान करने की बात रखी जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में रामकरण, रामगरीब, बालमुकुंद, ज्ञानचंद, रामबोल, राजेंद्र गुप्ता, रामभजन, प्रवीण गुप्ता, कमलेश गुप्ता ने अपने-अपने सामाजिक उद्गार प्रस्तुत कर संगठन को मजबूत करने पर मंथन किया गया। घनश्याम गुप्ता (प्रांतीय महामंत्री ) द्वारा प्रांतीय शपथ ग्रहण उपरांत बीते 6 महीने में हुए सामाजिक कार्यों की जानकारी विस्तार से सामाजिक बंधुओ के सामने रखी गई तदोपरांत प्रांतीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता जी द्वारा सामाजिक बंधुओ के सम्मुख आगामी समय में भविष्य में होने वाले प्रांतीय स्तर के कार्यों पर कार्य करने एवं संगठन को मजबूत करने पर सबसे सहयोग मांगा गया। मुख्य अतिथि जनार्दन गुप्ता जी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता जी रहे। कार्यक्रम समापन की घोषणा उपरांत कार्यक्रम संपन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता एवं अनूपपुर इकाई के सामाजिक बंधुओ एवं युवा टीम द्वारा किया गया।